दैनिक जागरण 20/02/2025

# भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए : डा. आनंद कुमार



एनएसएस कैंप लगाने वाले स्वयंसेवक अतिथि व कालेज स्टाफ के साथ • सौजन्य विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज एनएसएस यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन डा. आनंद कुमार समन्वयक एनएनएस प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने भारत के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए।

उसके हाथ सदैव मदद के लिए तत्पर रहने चाहिए। स्वयंसेवक भीड़ से हटकर अपनी पहचान बनाता है। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया हमारे स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक कार्य के लिए समर्पित है। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा समाज को जागृत करना हमारा लक्ष्य है। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि शिविर संध्याकालीन सत्र में विभिन्न पोस्टर बनाकर गांव के लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर डा. सरोज बाला, प्रियंका बल्दिया मौजूद रहीं।

**• प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया हमारे स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक कार्य के लिए समर्पित, समाज को जागृत करना लक्ष्य**

महिला प्रकोष्ठ द्वारा लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के विरुद्ध पोस्टर बनाए गए तथा जागरूकता रैली का आयोजन गांव उगाड़ा में किया गया जिसमें महाविद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उगाड़ा गांव के लोगों को लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के बारे में बात कर उन्हें जागरूक किया गया।